MOST-URGENT

राजस्थान सरकार

## कार्यालय जिला कलक्टर, बारां (राजस्थान)

क्रमांक–एफ.9/सहायता/बाढ/22/ 4673 दिनांक– 20/04/2022

निमित्त–

संयुक्त शासन सचिव,
आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग,
राजस्थान–जयपुर।

विषयः–वित्तीय वर्ष 2021–22 में बाढ के दौरान क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियो के तात्कालिक रेस्टोरेशन के कार्यो के बिलों के भुगतान हेतु बजट आवंटन करने बाबत।

महोदय,

विषयान्तर्गत निवेदन है कि बारां जिले में वित्तीय वर्ष 2021–22 में बाढ/अतिवृष्टि/जलप्लावन से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के तात्कालिक रेस्टोरेशन हेतु क्षति का आंकलन कर, विभाग को प्रस्ताव भिजवाये जाने पर, विभाग स्तर से क्षतिग्रस्त सड़कों के तात्कालिक अस्थाई रेस्टोरेंशन हेतु स्वीकृति संख्या 106/2021–22 एवं बांध/नहर की तात्कालिक अस्थाई रेस्टोरेंशन हेतु स्वीकृति संख्या 107/2021–22 से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर, पृथक–पृथक लेखा शीर्ष मद मे बजट आवंटित किया गया था। इसी के फलस्वरूप जिला स्तर पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर, स्वीकृति के अनुसार कार्य पूर्ण कराये गये थें।

संबंधित कार्यकारी विभाग सार्वजनिक निर्माण विभाग, बारां एवं जल संसाधन विभाग, बारां द्वारा कार्य पूर्ण कराकर, इस कार्यालय को बिल प्रस्तुत करने पर, समस्त बिलों को तैयार कर यथा समय पारितार्थ कोषालय को भिजवाये जाने पर, कोषालय, बारां द्वारा उक्त सभी बिलों को पारित किया गया है। किन्तु संबंधित संवेदकों के खाते में उक्त राशि प्राप्त (ई.सी.एस.) नहीं हुई है। बिलों का भुगतान (ई.सी.एस.) के अभाव में लंबित रहा है। कोषालय, बारां द्वारा ई.सी.एस. के शेष रहे उक्त बिलों को इस वित्तीय वर्ष(2022–23) के प्रारम्भ होने पर इस कार्यालय को वापस लौटाये गये है।

इस क्रम में निवेदन है कि संबंधित कार्यकारी विभाग सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं जल संसाधन विभाग, बारां द्वारा कार्यो को विधिवत संवेदकों से अनुबन्ध सम्पादित कर, पूर्ण करवाये गये है, जिनका भुगतान किया जाना अपेक्षित है। अतः गत वित्तीय वर्ष (2021–22) के लंबित दायित्वों के भुगतान हेतु लेखाशीर्ष बजट 2245–02–106–08–01–21 में 251.00 लाख तथा लेखाशीर्ष बजट 2245–02–122–02–01–21 में 204.00 लाख का बजट चालू वित्तीय वर्ष (2022–23) में शीघ्रातिशीघ्र आवंटित करवाने का श्रम करावें।

भवदीय

(नरेन्द्र गुप्ता)
जिला कलक्टर,बारां

क्रमांक–एफ.9/सहायता/बाढ/22/ दिनांक– /04/2022

प्रतिलिपि–

1–कोषाधिकारी, कोषालय, बारां
2–अधीक्षण अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त,बारां/जन संसाधन विभाग, बारां
3–अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड बारां/मॉगरोल/छबडा/शाहबाद
4–अधिशाषी अभियंता, जल ससांधन विभाग खण्ड प्रथम/द्वितीय/तृतीय जिला–बारां
5–लेखाधिकारी कलेक्ट्रेट, बारां

Sd
अति.जिला कलक्टर,
बारां